भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3537

सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत 'सिंहेश्वर स्थान' के लिए तैयार परियोजनाएं

3537. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि 'सिंहेश्वर स्थान' बिहार के मधेपुरा जिले में स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल है;

(ख) क्या स्वदेश दर्शन योजना के तहत उपरोक्त 'सिंहेश्वर स्थान' के लिए कोई परियोजना तैयार की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) जी हां महोदय, बिहार के मधेपुरा जिले में स्थित सिंहेश्वर स्थान एक पर्यटन और धार्मिक स्थल है।

पर्यटन अवसंचना का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। योजनाओं के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के परामर्श से की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों का पालन करने, पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि के अध्यधीन स्वीकृत किया जाता है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची में सिंहेश्वर स्थान शामिल नहीं है।

****